कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com
www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–17, अंक–16, जुलाई 2017

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## "कानपुर में लॉन्च हुआ नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील"




देश में आधारभूत विकास के महत्व को समझते हुए कामधेनु लिमिटेड हमेशा ही उच्च गुणवत्ता वाले स्टील उत्पाद को पेश करती रही है। ताकि बुनियादी ढाँचों को बेजोड़ मजबूती दी जा सके। कंपनी ने इनोवेशन को विकास का मूल मंत्र माना और देश में क्रांतिकारी स्टील उत्पादों को पेश किया, और इन इस्पात उत्पादों ने भवन निर्माण व आधारभूत निर्माण को गति दी है।

इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए कंपनी ने एक भव्य कार्यक्रम के साथ लखनऊ में "Kamdhenu Nxt" नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील को पेश किया। इसके लॉन्च के अवसर पर कानपुर क्षेत्र के लगभग 200 डीलर्स सम्मिलित हुए। पेश किया गया यह उत्पाद अपनी खासियतों और क्षमता के लिहाज से नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील के नाम से जाना जा रहा है। अपने अनूठे डबल रिब डिजाइन से यह टीएमटी बार कंक्रीट पर 2.5 गुना से ज्यादा मज़बूत पकड़ देता है। इसकी बेहतर डक्टाइल स्ट्रेंथ और जंग प्रतिरोधी क्षमता इमारत को लम्बे समय तक टिकाऊ बनाए रखती है। कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने अपने दूरदर्शी नज़रिए से इस उत्पाद को विकसित करने के लिए सभी को प्रेरित किया। और कंपनी ने इसे एक बेहतरीन साझा प्रयास के साथ अनुसंधान कर विकसित किया।

Kamdhenu Nxt के लॉन्च के अवसर पर कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने कहा, "Kamdhenu Nxt को लॉन्च करते हुए हमें गर्व हो रहा है। हम उस शहर में अपने उत्पाद को पेश कर रहे है जिसे भारत का मैनचेस्टर कहा जाता है। जो अपने औद्योगिक विकास के लिए जाना जाता है। आज यहां स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और बुनियादी ढाँचों के विकास पर तेजी से काम हो रहा है और इसके विकास में उच्च गुणवत्ता वाले स्टील उत्पादों की आवश्यकता है और आज हम उस उत्पाद को पेश कर रहे है जो यहां पर आधारभूत विकास से लेकर गगनचूंबी इमारतों के विकास के लिए उपयुक्त है।"

इस लॉन्च के अवसर पर लाइसेंस एग्रीमेंट के जरिए Kamdhenu Nxt का उत्पादन करने वाली कंपनी मेसर्स राधे राधे इस्पात के निदेशक श्री नवीन जैन और विजय जखोडिया भी मौजूद थे और उन्होने कहा, "हमें खुशी है कि हम एक ऐसी कंपनी से जुड़े हैं जो इनोवेशन को बढ़ावा दे रही है और साथ ही देश के विकास में अपने उत्तरदायित्व के प्रति सचेत है।" इस कार्यक्रम में कामधेनु के पदाधिकारियों श्री दिलीप मेहरा (सीनियर जीएम), संतोष शुक्ला (एजीएम मार्केटिंग), श्रीमती नीतू कटारिया (सीनियर मैनेजर) ने डीलर्स का मार्गदर्शन किया और बिजनेस कॉन्सेप्ट को साझा किया।

# GST से कर ढाँचे को मिलेगी स्टील सी मजबूती






तमाम गतिरोधों के बाद आखिरकार बहुप्रतिक्षित जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) को 1 जुलाई से लागू कर दिया गया। 30 जून की मध्य रात्रि को संसद भवन के सेंट्रल हॉल में एक भव्य कार्यक्रम के साथ राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साथ बटन दबाकर जीएसटी को लागू किया। एक देश और एक कर की अवधारणा की दिशा में उठाया गया यह कदम स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा कर सुधार कहा जा रहा है। इसके लागू होने के साथ ही देश में पहले से विद्यमान सभी तरह के कर समाप्त हो गए और नई कर व्यवस्था शुरू हो गई। जीएसटी के तहत विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर 5 से 28 प्रतिशत तक कर की व्यवस्था की गई है। हालांकि कुछ चीजों को जीएसटी से छूट देते हुए टैक्स के दायरे से बाहर रखा गया है। एक अनुमान के मुताबिक इस सुधार से अर्थव्यवस्था में 1.5 प्रतिशत से 2 प्रतिशत तक की तेजी आएगी।

इसको लॉन्च करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''जीएसटी भारत का एकीकरण है यह ठीक वैसा ही है जैसा सरदार वल्लभ भाई पटेल ने कई दशकों पहले देश को एकजुट करने के लिए किया था। जीएसटी एक साफ–सुथरी एवं पारदर्शी कर प्रणाली है जिससे टैक्स टेररिज्म और इंस्पेक्टर राज खत्म होगा।''

# जी–20 भी आतंकवाद के खिलाफ हुआ संकल्पबद्ध





पर्यावरणविदों के विरोध के बीच आखिरकार दुनिया के प्रभावशाली देशों के समूह जी–20 का सम्मेलन जर्मनी के हैम्बर्ग में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। 6 से 7 जुलाई तक चले इस दो दिवसीय सम्मेलन में शामिल हुए इसके सदस्य देशों के प्रमुखों ने संतुलित विकास, बुनियादी और मांग में कमी जैसी समस्याओं पर गंभीरता के साथ विचार–विमर्श किया। मगर इस सम्मेलन में मुख्य रूप से आतंकवाद का मुद्दा छाया रहा। सभी सदस्य देशों ने एक मत से स्वीकारा कि जब तक आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जाएगा तब तक वैश्विक अर्थव्यवस्था को गति नहीं दी जा सकती है।

इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने भी आतंकवाद के मुद्दे को उठाते हुए इसे एक वैश्विक समस्या बताया और इस पर प्रहार करने के लिए 10 सूत्रीय एक्शन प्लान को साझा किया। मोदी ने पाकिस्तान को घेरते हुए कहा की कुछ देश अपने राजनीतिक उद्देश्य को पूरा करने के लिए आतंकवाद को प्रयोजित कर रहे है ऐसे देशों के खिलाफ कार्यवाई की जानी चाहिए और जी–20 में इनके आने पर पूर्णतः रोक लगाया जाना चाहिए। इस सम्मेलन में आतंकवाद जैसे मुद्दे को चर्चा के लिए चुनने पर मोदी ने जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल की तारीफ की।

# ताज नगरी में संपन्न हुई कामधेनु डीलर्स मीट

देश में नं. 1 टीएमटी उत्पाद बनाने वाली कंपनी का दर्जा हासिल कर चुकी कंपनी कामधेनु लिमिटेड लगातार लोकप्रियता के साथ विकास कर रही है और आगे बढ़ रही है। आगे बढ़ते कदमों के साथ कंपनी निरंतर ही सकारात्मक प्रयास करती रहती है। इसी प्रयास के तहत कंपनी अपने डीलर्स को प्रोत्साहित व सम्मानित करने के लिए डीलर्स मीट का भी आयोजन करती रहती है।






इसी क्रम में कंपनी ने इस बार विश्व प्रसिद्ध ताज नगरी आगरा में डीलर्स मीट का आयोजन किया। इस मीट में कंपनी के लगभग 200 टीएमटी डीलर्स सम्मिलित हुए। इस आयोजन के द्वारा कंपनी ने न्यू–एज कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के विषय में जानकारी देते हुए कामधेनु के उत्पादों की उच्च गुणवत्ता के बारे में भी जागरूक किया। इसके साथ ही स्मार्ट सिटी और हैवी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में कामधेनु के बेहतरीन टीएमटी उत्पादों के योगदान को बढ़ाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। कंपनी के पदाधिकारियों ने यहां पर कामधेनु के सभी टीएमटी उत्पादों के साथ SS10000 टीएमटी की भी जानकारी दी। कंपनी ने इस भव्य आयोजन में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सभी डीलर्स को सम्मानित भी किया।

इस सम्मेलन में कामधेनु के पदाधिकारी श्री दिलीप मेहरा (सीनियर जीएम), श्री सुशील भारद्वाज (एजीएम मार्केटिंग), श्री जितेंद्र शर्मा (एजीएम मार्केटिंग), श्रीमती नीतू कटारिया (सीनियर मैनेजर) सम्मिलित हुए। यहां श्री दिलीप मेहरा ने कहा, ''हमारी हमेशा यह कोशिश रहती है कि हम आपके प्रयासों की सराहना करे और आपके बेहतरीन प्रयासों को सम्मानित करे क्योकि आप लोगों को यह विश्वास दिलाते है कि वो एक बेहतरीन कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद खरीद रहे हैं और ये उत्पाद उनके घर को सुरक्षा एवं मज़बूती प्रदान करते हैं''

# पटना में लॉन्च हुआ नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील

भवन निर्माण से संबंधित उत्पाद बनाने वाली अग्रणी कंपनी के तौर पर अपनी पहचान को कायम रखते हुए कामधेनु ने अपने प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो में विस्तार करते हुए नया और बेहतर स्टील उत्पाद को पटना में पेश किया। नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील 'Kamdhenu Nxt' के नाम से लॉन्च यह उत्पाद अपनी क्षमता के लिहाज से अनूठा है। इसे कंपनी ने जिस जज्बे के साथ विकसित किया है उसी सकारात्मक ऊर्जा के साथ एक भव्य कार्यक्रम में पटना में पेश किया।

पटना में नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील Kamdhenu Nxt के लॉन्च से उत्साहित कामधेनु के सीनियर जीएम श्री एस. बी. शर्मा ने कहा, ''बिहार में विकास को गति देने के लिए नए व उम्दा इस्पात उत्पादों की जरूरत है जो सूबे के विकास को विश्वस्तरीय पहचान दिलाए। हमें इस बात पर गर्व है कि हम नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील Kamdhenu Nxt के जरिए यहां के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। Kamdhenu Nxt ऐसा इनोवेटिव उत्पाद जो अपने बनावट से कंक्रीट पर बेहद मज़बूत पकड़ देता जो भूकंप जैसे स्थिति में भी अपनी पकड़ बनाए रखता है। इसकी जंग रोधक क्षमता, डक्टाइल स्ट्रैंथ और वेल्ड क्षमता इसे गगनचुंबी इमारतों के लिए एक बेहतरीन उत्पाद बनाती है।'' इस अवसर पर कंपनी के एजीएम मार्केटिंग श्री संतोष कुमार सिंह ने Kamdhenu Nxt के बिजनेस कॉन्सेप्ट को डीलर्स के साथ साझा किया और उन्हें बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया।



इसके लॉन्च के अवसर पर लाइसेंस एग्रीमेंट के द्वारा Kamdhenu Nxt का निर्माण करने वाली कंपनी मेसर्स दादीजी स्टील प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री रमेश गुप्ता, श्री बिनय सिंह, श्री विजय गुप्ता के अलावा अन्य निदेशक भी मौजूद थे। यहां श्री रमेश गुप्ता जी ने कहा, ''हमें खुशी है कि हम उस कंपनी से जुड़े हुए हैं जो इनोवेटिव उत्पादों को लगातार पेश कर रही है और जिसके उत्पादों की गुणवत्ता विश्वस्तरीय है।''

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.07.2017



# बनारस में लॉन्च कामधेनु नेक्स्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर होगा परफेक्ट




हमेशा नया करने के जज्बे के साथ कामधेनु लिमिटेड ने देश में बेहतरीन इस्पात उत्पादों को पेश किया और भवन निर्माण से संबंधित विभिन्न उत्पाद बनाने वाली कंपनियों में खुद को अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित किया है। इसी ध्येय के साथ आगे बढ़ते हुए कामधेनु लिमिटेड अब विकास को नये सिरे से गढ़ने के लिए नए उत्पाद कामधेनु नेक्स्ट को विकसित किया जो अपनी क्षमता से अद्वितीय टीएमटी उत्पाद है।

बनारस में कंपनी ने Kamdhenu Nxt को पूरी भव्यता व जोशो–खरोश के साथ लॉन्च किया जिसमें कंपनी के लगभग 500 डीलर्स सम्मिलित हुए। बनारस में कामधेनु उत्पादों को हमेशा ही पसंद किया जाता रहा है और यहां हो रहे विकास से कंपनी उत्साहित है। बनारस में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत काफी आधारभूत विकास किया जाना है। इसलिए कंपनी अपने नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील 'कामधेनु नेक्स्ट' से उत्साहित है। कामधेनु नेक्स्ट अपने अनूठे डबल रिब डिजाइन की वजह से कंक्रीट के साथ जुड़कर एक इकाई का निर्माण करता है और भूकंप जैसे झटकों में भी न फिसलने वाली पकड़ देता है। इसका युनिक पैटर्न 2.5 गुना से ज्यादा मजबूत पकड़ देता है।

इस इवेंट में कामधेनु नेक्स्ट के खासियतों को साझा करते हुए कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने कहा, ''आज बनारस में विकास को नेक्स्ट लेवल पर ले जाया जा रहा है। हैवी इंफ्रास्ट्रक्चर और न्यू आर्किटेक्ट डिजाइन को आला दर्जे के इस्पात उत्पादों की जरूरत है जो न्यू–एज कंस्ट्रक्शन को बेजोड़ मज़बूती दे। Kamdhenu Nxt इन सभी जरूरतों को पूरा करता है। इसे हमने काफी अनुसंधान के बाद विकसीत किया है जिसकी डक्टाइल स्ट्रैंथ, जंग प्रतिरोधक क्षमता, बेहतर वेल्ड क्षमता और अनुठा डबल रिब डिजाइन इसे भावी पीढ़ी स्टील बनाते है।''

इस लॉन्चिंग इवेंट में टारगेट को पूरा करने वाले डीलर्स को सम्मानित किया गया और उन्हें बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। यहां कामधेनु के ओर से श्री दिलीप मेहरा (सीनियर जीएम), श्री सागर प्रताप सिंह (एजीएम, मार्केटिंग), श्रीमती नीतू कटारिया (सीनियर मैनेजर) सम्मिलित हुए।

कामधेनु नेक्स्ट का लाइसेंस एग्रीमेंट के जरिए उत्पादन करने वाली कंपनी मेसर्स महामाया अलॉय प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री भूपेंद्र अग्रवाल और श्री अखिल अग्रवाल सम्मिलित हुए यहां उन्होंने कहा, ''कामधेनु लिमिटेड से जुड़ना हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है। बेहतरीन गुणवत्ता के साथ–साथ अच्छी उत्पाद रेंज कंपनी की ख़ासियत है। देश में हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर बदलाव और विकास में भरपूर योगदान देते हुए हम भी निरंतर आगे बढ़ने के लिए तत्पर है।''

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**श्री विशाल गुप्ता**
**मेसर्स विशाल एजेंसीज़**
सिधरा जम्मू
मो. 9419141752

**श्री दीपक सिंह छिब**
**मेसर्स जय दुर्गा ट्रेडर्स**
पुराना पिंड, शिव नगर
आर. एस. पुरा, जम्मू
मो. 9419202387

**श्री अनिल गुप्ता**
**मेसर्स शिवा हार्डवेयर स्टोर**
शिव नगर, उधमपुर
मो. 9419159758

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com